# प्यारो लागे रे म्हारो मालवो देश...



**जनजातीय संग्रहालय में नृत्य-गायन की हुई प्रस्तुति**

**भोपाल, 3 मई.** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर आयोजित गतिविधि 'संभावना' में रविवार को रोशनी भार्वे डिण्डोरी द्वारा गोण्ड जनजातीय करमा-सैला नृत्य, संजय महाजन बड़वाहा द्वारा गणगौर नृत्य, लोकेश माल एवं साथी, उज्जैन द्वारा मालवी गायन, राजकुमार सिंह ठाकुर सागर द्वारा बुन्देली गायन की प्रस्तुति दी गई. इन लोक कलाकारों द्वारा अपने साथियों के साथ दी गई प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनमोह लिया.

आयोजन में लोकेश माल एवं साथी, उज्जैन द्वारा मालवी गायन में प्यारो लागे रे म्हारो मालवो देश..., रेसमियो रूमाल बलम...,भेरूजी ..., जमाई गीत..., भारत देश है प्यारो..., गीतों की प्रस्तुति दी गई. वहीं राजकुमार सिंह ठाकुर एवं साथी, सागर द्वारा बुन्देली गायन में काये जाबे कोनऊ के द्वारा में..., राखे रहियो मोरी खबरिया..., हम सांची बात बताये..., तुमाये इते आके..., जैसे कई लोक गीतों की प्रस्तुति दी.



# महिलाएं करें दहेज का विरोध

## ताम्रकार समाज महिला मंडल के शपथ ग्रहण समारोह में किया आह्वान

**भोपाल, 3 मई. मप्र ताम्रकार समाज का महिला मंडल समाज की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकारी योजनाओं को लाभ दिलाने की कोशिश करेगा. समाज में दहेज प्रथा को मृत्यु भोज की अनिवार्यता जैसी कुरीतियों को खत्म करने के लिए भी महिला मंडल ने संकल्प लिया है.**

इस अवसर पर महिलाओं से दहेज का विरोध करने का आह्वान भी किया गया. रविवार को भोपाल के अग्रवाल विश्रांति भवन में आयोजित नवगठित ताम्रकार समाज महिला मंडल की प्रदेश समिति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ. समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनारायण ताम्रकार एडवोकेट ने प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान लता ताम्रकार और उनकी टीम को शपथ दिलाई.

इस अवसर पर ताम्रकार ने कहा कि समाज में छोटे-मोटे घरेलू विवाद थाने और अदालत जा रहे हैं, उन्हें रोकने के लिए आपसी समन्वय बनाने महिला मंडल को काम करना चाहिए. उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने पर भी जोर दिया.

अध्यक्ष ज्ञान लता ताम्रकार ने बताया कि महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं. महिलाएं दहेज का विरोध करें और मृत्यु भोज में दिखावे से बचा जाए. उन्होंने कहा कि इसके लिए लगातार उनकी टीम काम करेगी. कार्यक्रम को पूर्व अध्यक्ष भैयालाल ताम्रकार, प्रदेश के कार्यवाहक अध्यक्ष पैगवार धर्मेंद्र, वरिष्ठ समाजसेवी सत्यनारायण पैगवार, प्रतिभा पंडा, मधु ताम्रकार नंदा ताम्रकार, राष्ट्रीय सचिव सुजाता ताम्रकार, कीर्ति वर्मा आदि ने भी संबोधित किया. इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए.

## एम्स में हिन्दी काव्य लेखन कार्यशाला कल से

**भोपाल, 3 मई.** एम्स भोपाल के स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र द्वारा 5 और 6 मई को हिन्दी काव्य लेखन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को अपने विचारों, भावनाओं को काव्य के माध्यम से व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना है. इसमें एम्स भोपाल के सभी फैकल्टी, स्टाफ और विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं. यह कार्यशाला रचनात्मकता को बढ़ाने के साथ मानसिक तनाव को कम करने में सहायक होगी. विशेषज्ञों के अनुसाररचनात्मक गतिविधियां मानसिक तनाव कम करने, आत्मविश्वास बढ़ाने, सोच को सकारात्मक बनाने में मदद करती हैं.

# मप्र ग्रामीण बैंक ने मनाया स्थापना दिवस

**भोपाल, 3 मई. मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बैंक के प्रधान कार्यालय द्वारा संजय श्रीवास्तव फील्ड महाप्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य आतिथ्य में सेज विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में समारोह आयोजित किया गया.**



समारोह में विशिष्ट अतिथि अंविता सुरीन महाप्रबंधक नाबार्ड, सुरेश साहू महाप्रबंधक नाबार्ड, नंदू नाइक उपमहाप्रबंधक नाबार्ड एवं सुशील कुमार उपमहाप्रबंधक नाबार्ड एवं बैंक के अध्यक्ष आर सी बेहेरा सम्मिलित हुए . समारोह में बैंक के सभी महाप्रबंधक गण, समस्त क्षेत्रीय प्रबंधक,प्रधान कार्यालय के प्रमुख एवं स्टाफ तथा शाखा प्रबंधक सम्मिलित हुए. मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों द्वारा अपने अपने उद्बोधन में बैंक द्वारा विगत वर्ष में किए गए अच्छे कार्य की प्रशंसा की गई एवं विश्वास जताया कि वर्तमान वर्ष में पुन: बैंक अपने व्यवसाय एवं सेवाओं के लिए उत्कृष्टता से कार्य करेगा. इस अवसर पर विगत वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शाखाओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर आलम बैंड भोपाल द्वारा प्रस्तुति दी गई जिसे समारोह में सम्मिलित सभी अतिथियों द्वारा बेहद सराहा गया. एंकरिंग मौलश्री सक्सेना द्वारा की गई. क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा सभी अतिथियों को आभार व्यक्त किया गया.

# भील चित्रकार सुनीता ने कैनवास पर उकेरे जंगल-पहाड़

**भोपाल, 3 मई.** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की 'लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा' में रविवार 3 मई से भील जनजातीय चित्रकार सुनीता भावोर के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई. इसमें सुनीता द्वारा जंगल-पहाड़, पशु-पक्षी के साथ जनजातीय संस्कार पर बनाए गए चित्रों का प्रदर्शन किया गया है. चित्रकार सुनीता का जन्म जनजातीय बहुल झाबुआ जिले के एक छोटे से ग्राम कुन्दनपुर, भांडाखेड़ा में हुआ. जंगल-पहाड़ों से घिरे ग्रामीण वातावरण और प्रकृति के सान्निध्य में सुनीता का बचपन गुजरा. उन्होने मात्र प्राथमिक स्तर तक की शिक्षा प्राप्त की है. वर्तमान में वह अपने पति के साथ भोपाल में रहकर ही चित्रकला कर्म में निरंतर सृजनरत हैं. उनके पति अनिल भावोर भी भीली चित्रकला के चर्चित कलाकार हैं. सुनीता ने नयी दिल्ली, इंदौर सहित देशभर में आयोजित चित्रकला प्रदर्शनियों में भाग लिया है. वह अपनी सफलता का श्रेय अपनी छोटी बहन संगीता ताहेड़ को देती हैं, जिनकी सतत् प्रेरणा और मार्गदर्शन ने उन्हें चित्रकला में इस मुकाम पर पहुंचाया.



### एक नजर में



## ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों का प्रदर्शन

**भोपाल 3 मई. (खेल प्रतिनिधि).** आरपीएम परिसर, रातीबड़ में आयोजित भोपाल जिला ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप 2026 के दूसरे दिन रविवार को तैराकी और एक्वाथलॉन स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता में मिनी से लेकर मास्टर्स वर्ग तक के खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई. दिनभर चले मुकाबलों में तैराकी स्पर्धा में कई खिलाड़ियों ने एक से अधिक पदक जीतकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया. अन्वी खंडूरी, भाव्या एम, डॉ. कृष्ण चंद्र रायकर, मानव पाबले और मॉली आहूजा ने चार-चार स्वर्ण पदक हासिल कर खास पहचान बनाई , वहीं अर्थ जैन, ध्रुव साहू और दिव्यांश यादव सहित अन्य खिलाड़ियों ने भी बहु-पदक जीतकर प्रतियोगिता में दमखम दिखाया. एक्वाथलॉन स्पर्धाओं में माइक्रो-मिनी से लेकर सीनियर वर्ग तक मुकाबले हुए, जहां इनेश थादुरी, अथर्व करोलिया, ध्रुव साहू और सरगम बाथरे जैसे खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया. बालिका वर्ग में अनाया चंदनशिवे, अनुष्का हिंगंकर और रेवा जोशी ने जीत दर्ज की.

## नर्मदापुरम ने भोपाल को 5 विकेट से हराया

**भोपाल 3 मइ. (खेल प्रतिनिधि ).** ओल्ड कैम्पियन मैदान में चल रही स्वर्गीय अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को नर्मदापुरम ने भोपाल क्रिकेट एकेडमी को 5 विकेट से हराया. नर्मदापुरम की टीम ने 208 रनों का लक्ष्य महज 21 ओवर में आसानी से हासिल कर लिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपाल क्रिकेट एकेडमी 38 .4 ओवर में 208 रन पर सिमट गई. पुशांक शर्मा ने 56 रन, सचिन मंडरानी 46 और तुषार वर्मा 40 रन बनाये. जवाब में नर्मदापुरम ने आक्रामक शुरुआत की. शाश्वत भदौरिया ने 23 गेंदों में 53 रन बनाए, जबकि माधव शर्मा ने 40 और गौतम बोरासी ने 31 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई. भोपाल क्रिकेट अकादमी के दिनेश ने बताया कि उनकी टीम की शुरुआत धीमी रही और अंत में बेहतर फिनिश नहीं मिल सका. गेंदबाजी में भी शुरुआती ओवरों में दबाव नहीं बन पाया. भोपाल क्रिकेट अकादमी के धीरेन्द्र ने कहा कि वह पिछले तीन वर्षों से अभ्यास कर रहे है उन्होंने कहा की आज के दौर में 40 -50 ओवर के गेम नहीं होते और ऐसे टूर्नामेंट अनुभव बढ़ाने के लिए अच्छा मौका है. मैन ऑफ द मैच शाश्वत भदौरिया को फैज़ल मीर ने प्रदान किया.

# सिनेमा ने देवर्षि नारदजी की छवि बिगाड़ी : प्रो . मनोज कुमार

**भोपाल, 3 मई. देवर्षि नारद मुनि की जयंती और विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रीडर्स द्वारा ऑनलाइन राष्ट्रीय विमर्श का आयोजन किया गया.**

आयोजन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज ने कहा कि आदि पत्रकार नारद की गलत छवि प्रस्तुत की गई है. इसे सुधारना जरूरी है. महाराष्ट्र से जुड़ी हिंदी की प्राध्यापिका डॉ. विशाला शर्मा ने कहा कि दुनिया में प्रेस को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है. आदि पत्रकार नारद मुनि से पत्रकारीय दृष्टिकोण सोशल मीडिया तक जा पहुंचा है. देश के विकास में एक सकारात्मक पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है. अनुसंधान की पत्रिका समागम के संपादक प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि सिनेमा ने नारद जी की छवि बिगाड़ी है. नारद जी के आदर्शों पर चलकर पत्रकारिता की जा सकती है. अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, केटीयू इकाई के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि नारद मुनि पत्रकारिता के प्रेरणा स्रोत हैं. निष्पक्ष पत्रकारिता के समक्ष अनेक संकट और चुनौतियां हैं.

# शास्त्रीय संगीत, लोकधुनों की मनमोहक प्रस्तुति

▶ हिन्दुस्थान आर्ट एंड म्यूजिक सोसाइटी के कार्यक्रम में हरिओम जटिया का सम्मान

**भोपाल, 3 मई. हिन्दुस्थान आर्ट एंड म्यूजिक सोसाइटी द्वारा रविन्द्र भवन के अंजनी सभागार में संपन्न 'भारत संस्कृति यात्रा' के अंतिम दिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.**

संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश के सहयोग से आयोजित इस समारोह में कला और संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए हरिओम जटिया को 'स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय अवार्ड से अलंकृत किया गया, जो उनके दीर्घकालीन सांस्कृतिक समर्पण का प्रतीक बना.



समारोह में डॉ. अशुतोष शर्मा (अध्यक्ष), प्रोसेनजीत पोद्दार (सचिव), बलवंत पुराणिक (संयोजक) और डॉ. अखिलेश खंडेलवाल (समन्वयक) सहित अनेक कला साधकों की उपस्थिति रही. इस समारोह में उदय प्रताप सिंह, मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, धर्मेन्द्र सिंह लोधी, डॉ. विकास दवे तथा प्रकाश सिंह ठाकुर उपस्थित रहे . इससे पूर्व कार्यक्रम में कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत, लोकधुनों की मनमोहक प्रस्तुति दी.

## देशभर के तीन हजार शूटर लगा रहे निशाना

**भोपाल 3 मई.** राजधानी में एमपी शूटिंग अकादमी में चल रही 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में देशभर से करीब तीन हजार शूटर भाग ले रहे हैं. 3 मई को भी प्रतियोगिता के तहत विभिन्न इवेंट्स आयोजित किए गए, जिसमें खिलाड़ियों ने निशानेबाजी में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया.

प्रतियोगिता 15 मई तक चलेगी और इसमें राइफल वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं. आयोजकों के अनुसार यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर की है, जिसमें ओलंपियन, नेशनल शूटर और युवा खिलाड़ी एक साथ भाग ले रहे हैं.



# मंत्रालय कर्मियों को बताया आनंद का महत्व

▶ वल्लभ भवन में अल्पविराम कार्यक्रम

**भोपाल, 3 मई.** मप्र शासन के आनंद विभाग द्वारा वल्लभ भवन, सतपुड़ा एवं विंध्याचल भवन के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए मंत्रालय वल्लभ भवन में अल्पविराम प्रशिक्षण कार्यक्रम (स्वयं की स्वयं से बात) का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया.

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को निजी जीवन एवं कार्य स्थल पर आनंद का महत्व बताया गया. इस अवसर पर मंत्रालय के रजिस्ट्रार मनोज श्रीवास्तव, सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा अविनाश शर्मा, आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर अंजना श्रीवास्तव, मुकेश, अजीत एवं समन्वयक के रूप में आनंद विभाग के मनु दीक्षित उपस्थित रहे.



# सेवा भारती ने बांटे सकोरे

**भोपाल, 3 मई. पंछियों को भीषण गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से सेवा भारती ने संस्कार केंद्र के 30 छात्र-छात्राओं को सकोरे वितरित किए. साथ ही बच्चों से अपने घरों और आसपास पक्षियों के लिए पानी रखने की अपील की.**

विद्यार्थियों को चेतन पटेल एवं मनोज शर्मा द्वारा सकोरे वितरित किए गए. सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पंछियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. भीषण गर्मी के समय उनके लिए पानी की व्यवस्था करना हम सभी का नैतिक दायित्व है. उन्होंने नागरिकों एवं बच्चों से अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी रखें, जिससे पक्षियों को राहत मिल सके.इस अवसर पर पूर्णकालिक दिनेश पवार, हेमलता नाहटा, अनीता नीलकंठ,अंकित वर्मा, मुकेश सोलंकी उपस्थित रहे.

**पक्षियों की गणना** ▶ गर्मी के मौसम में आए प्रवासी व स्थानीय पक्षियों के व्यवहार का किया अध्ययन

# भोजताल में पक्षियों की 60 प्रजातियों को पहचाना

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 3 मई. भोपाल शहर के भोज ताल के बिशनखेड़ी क्षेत्र में रविवार को समर बर्ड मॉनिटरिंग प्रोग्राम के तहत पक्षियों की गणना की गई. यह आयोजन भोपाल बर्ड्स संस्था द्वारा किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में वालंटियर्स ने भाग लिया.**

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य गर्मी के मौसम में आने वाले प्रवासी और स्थानीय पक्षियों की पहचान करना और उनके व्यवहार का अध्ययन करना था. जिसके लिये वालंटियर्स के द्वारा सुबह के समय टीमों ने क्षेत्र में भ्रमण कर विभिन्न पक्षियों को चिन्हित किया और उनकी संख्या दर्ज की. इस दौरान लगभग 60 प्रजातियों की पहचान की गई. जिसमें इंडियन पैराडाइस फ्लाईकैचर, कॉम्ब डक, स्पॉट बिल्ड डक, कॉटन टील, ब्लैक हेडेड आइबिस, ग्लॉसी आइबिस, ओपन बिल स्टोर्क, पेंटेड स्टोर्क, पर्पल मूरहेन, फीसेंट टेल जकाना, ब्रॉन्ज विंग जकाना, गोल्डन ओरियल, पैडी फील्ड पिपिट और कॉमन आयोरा जैसी प्रमुख प्रजातियां शामिल रहीं. कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में संस्था से मो. खालिक और डॉ संगीता राजगीर ने प्रतिभागियों को पक्षियों की पहचान और संरक्षण के बारे में जानकारी दी. वालंटियर्स में दीपेश भावसार, गौरा जोशी, स्मिता राजपूत और रतनमाला मिश्रा सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे. आयोजकों के अनुसार ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में पक्षियों के प्रति जागरूकता बढ़ती है और जैव विविधता के संरक्षण को बल मिलता है.



## सड़क हादसों को कम करने के उपायों पर चर्चा

**भोपाल, 3 मई.** जैन इंजीनियर समिति, भोपाल चैप्टर द्वारा ट्रैफिक की बढ़ती समस्या पर रविवार को महाराणा प्रताप नगर स्थित एक होटल में सेमिनार आयोजित किया. फाउंडेशन के अध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र सिंह जैन, सचिव निकेतन सेठी एवं सहसचिव पंकज सांघवी इंदौर से शामिल हुए. वहीं भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव इंजीनियर सुधीर मिडला, कोषाध्यक्ष इंजीनियर अरुण वर्धमान सहित कई सदस्य उपस्थित रहे. सेमिनार में देश में बढ़ती ट्रैफिक समस्याओं और दुर्घटनाओं को कम करने के उपायों पर चर्चा की गई.

## पक्षियों की प्यास बुझाने वन भवन में टांगे सकोरे



**भोपाल, 3 मई.** भीषण गर्मी पक्षियों को राहत देने के लिए वन भवन मुख्यालय के कर्मचारियों ने वन भवन परिसर में पक्षियों के लिए सकोरे लगाए हैं, इस पहल का मुख्य उद्देश्य परिसर में पक्षियों की चहचहाहट बढ़ाना और उनके लिए सुरक्षित रहवास तैयार करना है. वन विभाग के कर्मचारियों ने परिसर में फलदार पौधों का रोपण भी किया है. इससे भविष्य में पक्षियों को भोजन और आश्रय दोनों मिल सकेंगे.